# पाठ्य पुस्तक के हिन्दी में प्रश्न उतर

षोडशः पाठः

1 प्रश्नः–विद्वानों का समय कैसे बीतता है?

उतरः–विद्वानों का समय काव्य शास्त्रों को पढ़ते हुए आनन्द के साथ  बीतता है।

2 प्रश्नः–सच्चा मित्र कौन होता है?

उतरः– विपति में जो साथ देता है वही सच्चा मित्र होता है।

3 प्रश्नः– मनुष्यों को कौन सा दोष छोड़ देना चाहिए ?

उतरः– एश्वर्य चाहने वाले मनुष्य को यह छः दोष छोड़ देने चाहिए।

निद्रा ,तन्द्रा ,आलस्य, भय, क्रोध, दीर्घसूत्रता।

4 प्रश्नः– धन की कितनी गतियॉ होतीं है?

उतरः– दान भोग नाश धन की तीन गतियॉ होतीं हैं।

5 प्रश्नः– क्या सूर्य पृथ्वी के गिर्द घूमता है या पृथ्वी सूर्य के गिर्द?

उतरः–सूर्य पृथ्वी के गिर्द नहीं घूमता ,पृथ्वी ही सूर्य के गिर्द घूमती है।

6 प्रश्नः––क्या रेलगाडी में जाते हुए हमें बाहर के वृक्ष दौडते हुए प्रतीत होते हैं?

क्या वस्तुतः वृक्ष दौड़ते हैं?

उतरः–हॉ हमें गाडी  बैठे हुए बाहर के वृक्ष दौड़ते हुए प्रतीत होते हैं वस्तुतः गाड़ी दौड़ती है वृक्ष नहीं।

7 प्रश्नः–भमण (घूमना )और परि भ्रमण में क्या अन्तर है?दृष्टान्त दे कर स्पष्ट करें ?

उतरः– भमण का अर्थ है अपनी धूरी के गिर्द घूमना ,जबकि परि भ्रमण का अर्थ है किसी के चारों और घूमना ।

उदाहरणः– पृथ्वी अपनी धूरी पर भमण एवं सूर्य के चारों और परिभ्रमण करती है।

8 प्रश्नः–हम दिशाओं का निर्धारण कैसे करते हैं ?

उतरः—सूर्योदय के समय सूर्य की और मुँह करके खड़े हो जाएँ तो सामने पूर्व पीछे पश्चिम बाएँ उतर दाएँ दक्षिण दिशा होगी।

9 प्रश्नः—क्रमशः सूर्य ग्रहों एवम् उपग्रहों की कितने प्रकार की गतियाँ होतीं हैं ?

उतरः—सूर्य की एक ,ग्रहों की दो ,उपग्रहों की तीन गतियाँ होतीं है।

10 प्रश्न :—तुला लोहेन घटितां यत्र खदन्ति मूषिकाः कथा से क्या शिक्षा मिलती है?

उतर :—कभी किसी के साथ धोखा नहीं करना चाहिए।

11 प्रश्न :—जीर्णधन दूसरे देश में क्यों गया ?

उतर :—जीर्णधन दूसरे देश में धन कमाने के लिए गया ।

12 प्रश्न :—जीर्णधन ने बच्चे को कहाँ रखा ?

उतर :—जीर्णधन ने बच्चे कों निर्जन स्थान पर एक घर में रखा।

13 प्रश्न :—सिपाहियों के पूछने पर जीर्णधन ने क्या उतर दिया ?

उतरः—जार्णधन ने उतर दिया कि यदि लोहे की तराजू को चूहे खा सकते हैं तो फिर बाज बच्चे को क्यों नहीं उठा सकता।

14 प्रश्न :—संस्कृत के किन्हीं चार कवियों या नाटककारों के नाम लिखें ?

उतर :—कवि — वाल्मीकि ,व्यास ,कालिदास ,अश्वघोष ,भारवि माघ।

नाटककार —भास, भवभूति ,शूद्रक ,विशाखदत ।

15 प्रश्न :—वेद कितने हैं ?उनके नाम बताओ ?

उतर :—वेद चार हैं उनके नाम हैं —ऋग्वेद , सामवेद ,यजुर्वेद ,अर्थववेद।

16 प्रश्नः— स्वामी रामतीर्थ उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कैसे सफल हुए।

उतरः— उनकी अद्वितीय प्रतिभा और पढ़ने में लगन को देख कर अनेक धनवानों ने उनकी धन से सहायता की वे पूरे मन से पढाई करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सफल हुए ।

17 प्रश्न :—रामतीर्थ कौन कौन सी भाषाओं के ज्ञाता थे?

उतरः—रामतीर्थ उर्दू—फारसी ,संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषाओं के ज्ञाता थे।

18 प्रश्नः–रामतीर्थ ने नौकरी क्यों छोड़ी ?

उतरः–उन्होंने वेदान्त और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए नौकरी छोड़ी।

19 प्रश्नः– ईश्वर कब अवतरित होता है ?

उतर :–जब–जब संसार में धर्म की हानि होती है,और अधर्म की वृद्धि होती है तब तब ईश्वर अवतरित होता है।

20 प्रश्नः–जीवात्मा शरीर कैसे बदलता है?

उतर :–जिस प्रकार हम पुराने वस्त्र बदल कर नए वस्त्र धारण करते हैं उसी प्रकार जीवात्मा पुराने शरीर का त्याग करके नया शरीर धारण कर लेता है।

21 प्रश्न :–शरीर और आत्मा में क्या भेद है?

उतर :–शरीर अनित्य है और आत्मा नित्य है।

22 प्रश्न :–महाराजा रणजीत सिंह के माता पिता का क्या नाम था ?

उतर :–महाराजा रणजीत सिंह की माता का नाम राजकौर और पिता का नाम महासिंह था

23 प्रश्न :–पंजाब की आर्थिक अवस्था जर्जर कैसे हुई ?

उतर :–विदेशियों के आक्रमणों और लूट खसूट से पंजाब की आर्थिक अवस्था जर्जर हुई।

24 प्रश्न :–महाराजारणजीत सिंह का राज्य कहॉ से कहॉ तक फैला हुआा थ?

उतरः–महा राजा रणजीत सिंह का राज्य लद्दाक से ले कर खैबर दर्रे तक फैला हुआा था।

25प्रश्नः–कश्मीर में किस ऋतु में लोग अधिक जाते हैं ?

उतरः–कश्मीर में प्रायः ग्रीष्म ऋतु में लोग अधिक जाते हैं।

26 प्रश्नः–कश्मीर के कोई चार दर्शनीय स्थान बताओ?

उतरः–डल झील ,शलीमार बाग,निशात बाग ,चश्माशाही ,शंकराचार्य का मन्दिर ।

prepared by seema vetted by suman sharma retaired lecturer of Dev Samaj College for Women ferozpur city.

27प्रश्नः— गुलर्मग की क्या विशेषता है?

उतरः—गुलर्मग में हरी हरी घास के बड़े बड़े मैदान हैं।

28प्रश्न :— कश्मीर के किसी धार्मिक स्थान का नाम बताओ?

उतरः—शंकराचार्य का मन्दिर ,अखिल भवानी का मन्दिर।

29प्रश्नः— मनु के अनुसार धर्म का चतुर्विध लक्षण क्या है ?

उतरः—धर्म का चतुर्विध लक्षण हैः—1 वेदों का अध्ययन करना 2 स्मृतियों का ज्ञान 3 अच्छा आचरण 4 जो बात अपने मन को अच्छी लगे वह करना ।

30प्रश्नः— मनु के अनुसार अभिवादनशील व्यक्ति को प्राप्त होने वाले लाभों का वर्णन करें ?

उतरः—अभिवादनशील व्यक्ति को आयु ,विद्या ,यश और बल प्राप्त होते हैं।

31प्रश्नः—विज्ञान किसे कहते हैं इससे हमें क्या लाभ हुआ है ?

उतरः—पदार्थों के विशेष ज्ञान को विज्ञान कहतें हैं । विज्ञान से हमें यातायात तथा मनोरंजन के साधन प्राप्त हुए हैं।

32प्रश्नः— विज्ञान ने हमें यातायात के कौन — से नए साधन दिए हैं?

उतरः'—विज्ञान ने हमें साइकिल , मोटरगाड़ी ,रेलगाड़ी ,समुदी जहाज ,वायुयान, आदि यातायात के नए साधन दिए हैं।

33प्रश्नः— विज्ञान के चमत्कार इस विषय पर नोट लिखें ?

उतरः— आज का युग विज्ञान का युग है।इस युग में हम विज्ञान के अनेक चमत्कार देख सकतें हैं। विज्ञान ने हमें यातायात के अनेक साधन दिये हैं।जैसे वायुयान रोकेट आदि ।रेड़ियो दूरदर्शन आदि से हम घर बैठे देश विदेश के समाचार सुन सकते हैं। सर्दी के मौसम में हीटर से सर्दी दूर कर सकते हैं।

34प्रश्नः—सरोजनी नायडू को और किस नाम से जाना जाता है।

उतरः— सरोजनी नायडू को भारत की कोकिला के नाम से जाना जाता है।

35 प्रश्नः— सरोजनी नायडू ने समाज सुधार के कौन कौन से काम किये?

उतरः—उसने भेद भाव को समाप्त करने का प्रयत्न किया ,तभी उसने विजातीय युवक से विवाह किया। वह महिलाओं एवं हरिजनों की उन्नति में सदा लगीं रहीं।

36 प्रश्नः—सरोजिनी की विलक्षण प्रतिभा के दो उदाहरण दो ?

उतरः— सरोजिनी ने बारह वर्ष की आयु में मैट्रिक की परिक्षा पास कर ली।

उसने तेरह वर्ष की आयु में अंग्रेजी भाषा में सुन्दर कविता लिखी ?

37प्रश्नः—भारत की स्वतंत्रता के बाद सरोजनी ने किस पद को संभाला?

उतरः— भारत की स्वतंत्रता के बाद सरोजनी ने उतर प्रदेश के राज्यपाल के पद को संभाला।

38प्रश्नः— युधिष्ठिर के अनुसार किन पदाथें का त्याग करके मनुष्य क्रमशः लोक प्रिय, शोक रहित धनवान एवं सुखी बनता है?

उतरः— युधिष्ठिर के अनुसार अभिमान को छोड़कर लोकप्रिय होता है,क्रोध को त्याग कर शोक रहित होता है ,कामना को छोड़कर धनी होता हैऔर लोभ का त्याग करके सुखी बनता है।

39प्रश्नः—युधिष्ठिर के अनुसार साधु असाधु का क्या लक्षण है ?मोह और आलस्य किसे कहते हैं?

उतरः—युधिष्ठिर के अनुसार सब प्राणियों के हित में लगा हुआा साधु और कठोर हृदयवाला असाधु होता है कर्तव्य अकर्तव्य को न समझना मोह और कर्तव्य का पालन न करना आलस्य कहलाता है।

40प्रश्नः— संसार में धरती से अधिक भारी ,आकाश से अधिक उॅचा,वायु से अधिक वेगवान और भिखारी से हलकी वस्तु क्या है?

उतरः— संसार में धरती से अधिक भारी माता है, आकाश से अधिक उॅचा पिता है, वायु से अधिक वेगवान मन है, भिखारी से हलकी वस्तु याचक है।

41प्रश्नः—हमारा देश किस महाद्वीप में स्थित हैं?

उतरः— हमारा देश एशिया महाद्वीप में स्थित है।

42प्रश्नः—भारत के किन्ही पॉच महापुरूषों के नाम बताओ ?

उतरः— श्री राम,श्री कृष्ण, शंकराचार्य,गुरू नानक,महावीर,महात्मा बुद्ध,स्वामी विवेकानंद।

43प्रश्नः— देश की स्वतंत्रता के लिए जिन महापुरूषों ने अपने प्राण भी दे दिए,उनमे से किन्हीं दो के नाम लिखें?

उतरः—लाला लाजपतराय, सरदार भगतसिंह।

44प्रश्नः—सज्जन अपनी विद्या,धन और शक्ति किस काम में लगाता है?

उतरः—सज्जन अपनी विद्या ज्ञान के लिए,धन दान के लिए और शक्ति दूसरों की रक्षा के लिए लगाता है।

45प्रश्नः—पुस्तक अपने साथ कैसा व्यवहार चाहती है?

उतरः—विद्या चाहती है कि तेल ,पानी और शिथिल बन्धन से उसकी रक्षा की जाए तथा उसको`मूर्ख के हाथ में कभी न दिया जाए।

46प्रश्नः—बुद्धि के विकास के लिए क्या करना चाहिए ?

उतरः—वुद्धि के विकास के लिए देश देशान्तर का भ्रमण और विद्वानों की संगति में रहना चाहिए।